## हिन्दी पखवाड़ा




संस्थान परिसर में 15 दिवसीय हिन्दी पखवाड़ा 14 से 30 सितम्बर 2022 के मध्य बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के राजभाषा विभाग के इस आयोजन में हिन्दी भाषा के ज्ञान के संवर्धन व व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्र–छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे ''निबंध लेखन, सुलेख लेखन, स्वरचित हिंदी कविता पाठ, हिंदाक्षरी, गज़ल एवं भजन प्रतियोगिता, स्पन्दन हिन्दी पत्रिका का मुख पृष्ठ का डिजाइन आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिताओं में संस्थान के सभी कर्मचारियों व छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. खेम सिंह डेहरिया जी कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक महोदय, कुलसचिव महोदय, मुख्य अतिथि महोदय एवं प्रभारी हिन्दी अधिकारी द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया।

श्री धीरेन्द्र पधान, प्रभारी हिन्दी अधिकारी ने संस्थान में हो रही हिन्दी की प्रगति के बारे में बताया, संस्थान के निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) प्रो. चंद्र चारू त्रिपाठी जी द्वारा हिन्दी पखवाड़े की कार्यकारी समिति एवं प्रतिभागियों को बधाई दी।

संस्थान में हिन्दी के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए महोदय ने सभी विभाग प्रमुखों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय डेहरिया जी, ने अपने उद्‌बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में हिन्दी के प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि तकनीकी क्षेत्र जैसे मेडिकल कॉलेजों की पुस्तकों का हिन्दी में अनुवाद किया जा चुका है एवं शीघ्र ही यह पुस्तकें मेडिकल कॉलेजों के पाठ्‌यक्रम का हिस्सा होंगी। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि महोदय, निदेशक महोदय एवं कुलसचिव महोदय ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये। कार्यक्रम का समापन हिन्दी सहायक सुनील कुमार जायसवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन कर आगामी वर्षों में इसी तरह से अन्य और प्रतियोगिताऐं कराने एवं हिन्दी के कार्यों का प्रयोग बढ़ाने के साथ किया।